इस मुकदमा में उस खास जाब्ता कार्रवाई के मुताबिक कि जिस के बाबत एक्ट रजिस्ट्री नं ३ सन १८७७ में हुक्म है मुद्दायलेह ने, कि जिस के हक में दस्तावेज तहरीर किया गया था, उस की रजिस्ट्री किये जाने का हुक्म रजिस्ट्रार की अदालत से हासिल किया, हालांकि मुद्दई ने कि जिस्की तरफ से दस्तावेज का तहरीर किया जाना बयान किया गया है सब-रजिस्ट्रार के रूबरू वो बाद में रजिस्टार के रूबरू हाजिर होकर दस्तावेज मजकूर को जाली दस्तावेज बयान करके उस की तकमील से इंकार किया—ऊपर लिखे हालात में दस्तावेज के रद कराने वो उसे मसूख करा पाने की नालिश दायर की गई और अदालत ने इस अमर के साबित करने का बोझा मुद्दायलेह के जिम्मे डाला कि दस्तावेज मजकूर सच्चा है और उस की तकमील मुद्दई ने की—तजवीज हाई कोर्ट यह करार पाई कि रजिस्ट्रार की वह कार्रवाई कि जिसमें उस ने इस अमर की तहकीकात की कि आया दस्तावेज बाजाब्ता तहरीर किया गया है या नहीं बतौर कार्रवाई "अदालत मजाज" के तसौव्वर न की जावेगी; इस लिये नालिश हाल दायर हो सक्ती है, जो बार सबूत मुद्दायलेह पर डाला गया है वह वाजिब और सही था (इ. ला रि कलकत्ता जिल्द ७ सफा ७३६ मोहीनचन्द्रदुर—बनाम—जुगल किशोर भट्टा चारजी)

हस्ब दफा ७४ वो ७५ डिस्ट्रिक्ट रजिस्टरार को दो बातें देखना होंगी,

(१) कि आया दस्तावेज की तकमील हुई—

(२) आया कानून की मनशा की तामील हस्ब दफा १९, २०, २१ वो २४ एक्ट रजिसटरी हुई है—ताकि दस्तावेज की रजिसटरी हो सके—

अगर उस को इतमीनान इन दोनों बातों से हो जावे तो उस को लाजिम होगा कि दस्तावेज की रजिस्ट्री किये जाने का हुक्म देवे—हुक्म का देना या न देना उस की मरजी पर नहीं छोड़ा गया है यानी वैसा हुक्म देना उस को जरूर ही होगा—दस्तावेज लिखने वाले न रूप्या पाया या न पाया या वह यह बात समझा या नहीं कि उस ने क्या लिख दिया है, ये ऐसी बातें हैं जिन से रजिस्ट्रार को कुछ सरोकार न होगा (देखो राय लीगल रिमेमब्रेन्सर बम्बई गवर्नमेंट रिजोल्यूशन

न ७६ तारीख २८ मार्च सन १९०७ रेवेयू डिपार्टमेंट)

अफसर रजिस्ट्री ऐसी दस्तावेज की रजिस्ट्री करने का मजाज न होगा जो डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार के हुक्म (बमूजिब दफा ७५ फिकरा पहले के) की तारीख से ३० दिन के बाद पेश किया जावे गो वैसे दस्तावेज के पेश करने की मियाद डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार के पीछे के हुक्म से बढ़ाई भी गई हो—यह मामला सिर्फ जाब्ता का नहीं समझा जायगा—जो दस्तावेज ऊपर लिखी ३० रोज की मियाद के बाद रजिस्ट्री किया जावे उस की निसबत समझा जावेगा कि उस की रजिस्ट्री जायज तौर पर नहीं हुई और न उस की रू से कोई हक़ियत पैदा होगी—कानून में ऐसा कोई हुक्म नहीं है कि जिस की रू से डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार मियाद बढ़ा सके—दफा ५ एक्ट मियाद इस मामला में लागू न होगी और इस दफा की रू से रजिस्ट्री की मियाद नहीं बढ़ाई जा सक्ती (कलकत्ता ला जरनल जिल्द ५ सफा १८८).

दफा ७६—(१) हर रजिस्टार, जो—

हुक्म इकारी रजिस्टार

(अ) किसी दस्तावेज की रजिस्टी करने से, किसी वजह पर, इकार करे, सिवाय इस वजह पर कि जायदाद, जिस के मुताल्लुक वह दस्तावेज है उस के जिले में वाके नहीं है या इस वजह पर कि दस्तावेज की रजिस्टी सब-रजिस्टार के दफ्तर में होनी चाहिये, या—

(ब) बमूजिब दफा ७२ या ७५ किसी दस्तावेज को रजिस्टरी किये जाने का हुक्म देने से इंकार करे—

तो उस को चाहिये कि हुक्म इकारी सादिर करके वजूहात उस हुक्म के अपने रजिस्टरार ने २ में दर्ज करे—और जिस वक्त कोई शख्स जिस ने दस्तावेज की तकमील की हो या

बमूजिब उस के दावा करने का हकदार हो, दरखास्त करे तो उस को बगैर देर गैर जरूरी के, इस तरह दर्ज शुदा वजूहात की नकल देवे—

(२) इस दफा के बमूजिब या दफा ७२ के बमूजिब दिये हुए हुक्म की कोई अपील न होगी—

तशरीह.—इस दफा में यह बतलाया गया है कि अगर रजिस्ट्रार दस्तावेज की रजिस्ट्री न किये जाने का हुक्म देवे तो वह हुक्म इन्कारी के वजूहात को अपनी किताब न. (२) में दर्ज करेगा और वजूहात इन्कारी की नकल दावेदार को मागने पर देगा.

एक दरखास्त बमूजिब दफा ७३ एक्ट रजिस्ट्री के पेश की गई और उस पर रजिस्ट्रार ने यह हुक्म सादिर किया' कुल फरीकैन हाजिर नहीं हुए इस लिये अपील खारिज की जाती है लेकिन हम को ऐसा मालूम पड़ता है कि सब-रजिस्ट्रार का हुक्म बहुत सही है"—तजवीज हाई कोर्ट यह करार पाई कि सायल के रजिस्ट्रार के रूबरू शहादत पेश न करने से यह मतलब नहीं निकलता है कि उस का हुक्म बतौर एक ऐसे हुक्म के तसौव्वर किया जावे कि हस्ब मनशा दफा ७६ रजिस्ट्री से इन्कार नहीं किया गया—और सिर्फ इसी बिना पर सायल बमूजिब दफा ७७ अदालत दावानी में नालिश दायर करने से रोका न जा सकेगा (इ ला. रि. कलकत्ता जिल्द १३ सफा २६४ सजीबुला सरकार—बनाम—हाजी खुश मोहम्मद सरकार).

इस मुकदमा में एक दस्तावेज का तकमील करने वाला सब-रजिस्ट्रार के रूबरू हाजिर नहीं आया हालांकि उस की हाजरी के लिये समन जारी किया गया इस पर सब-रजिस्ट्रार ने दस्तावेज की रजिस्ट्री करने से इकार किया—दस्तावेज की रजिस्ट्री जबरन कराने की गरज से नालिश हस्ब दफा ७७ एक्ट रजिस्ट्री के दायर की गई—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि—(१) ऐसी सूरत में तकमील दस्तावेज से इंकारी हस्ब मनशा दफा ३५ व ७३ एक्ट रजिस्ट्री के मान लेना चाहिय—(२) यह कि दरखास्त रूबरू रजिस्ट्रार बमूजिब दफा ७३ एक्ट मंजूर

के वाजिब तौर पर की गई; (३) यह कि सब-रजिस्ट्रार का हुक्म जिस के पास मुकदमा भेजा गया और जिस के रू से दस्तावेज की रजिस्ट्री ना मन्जूर की गई बतौर हुक्म रजिस्ट्रार के समझा जावेगा, (४) यह कि शक्ल एक्ट मजकूर की दफा ७६ में आती है और नालिश हाल बमूजिब अहकामात दफा ७७ के काबिल समाअत होगी (इ ला रि कलकत्ता जिल्द २५ सफा १३ कुदरती बेगम-बनाम-नजीबुन्नी)

रजिस्ट्रार एक्ट रजिस्ट्री की रू से बतौर अदालत दीवानी नहीं समझा जा सक्ता गो हस्ब दफा ७६ उसे कुछ अख्त्यारात बतौर अदालत दीवानी के हासिल हैं न वह हस्ब दफा ११३ आर्डर ४६ कायदा न. १ मजमुआ जाब्ता दीवानी इस्तसवाब करने का मजाज है (इ. ला. रि बम्बई जिल्द २१ सफा ७२४)

मुकद्दमा नम्बरी दर सूरत हुक्म इंकारी रजिस्ट्रार

दफा ७७—(१) जब रजिस्टार बमूजिब दफा ७२ या दफा ७६ दस्तावेज की रजिस्टरी किये जाने का हुक्म देने से इंकार करे, तो कोई शख्स, जो उस दस्तावेज की रू से दावा करने का हकदार हो, या उस का कायम मुकाम, हवालेदार या मुख्त्यार हुक्म इंकारी सादिर होने से तीस दिन के अन्दर, उस अदालत दीवानी में जिस के इब्तदाई अख्त्यारात समाअत की मुल्की हद के अन्दर वह दफ्तर वाके हो, जिस में दस्तावेज की रजिस्ट्री कराना दरकार हो, ऐसी डिकरी सादिर होने के लिये नालिश दायर करे कि दफ्तर मजकूर में दस्तावेज की रजिस्ट्री की जाय, बशरते कि डिकरी मजकूर सादिर होने से तीस दिन के अन्दर वह दस्तावेज रजिस्ट्री के लिये चाहा हुआ पेश किया जाय

(२) अहकामात मुन्दर्जा जिमन २ व ३ दफा ७५

व रद वो बदल मुनासिब ऐसी डिकरी के मुताबिक पेश किये हुए तमाम दस्तावेजात से लागू होंगे और बावजूद किसी हुक्म के जो इस एक्ट में हो, वह दस्तावेज मुकदमा मजकूर में शहादत में लिये जाने के काबिल होगा —

तशरीह:— दफा ७६ के अखीर फिकरा में यह हुक्म है कि दस्तावेज की इंकारी के हुक्म की अपील न होगी—इस दफा में यह बतलाया है कि बजाय अपील के नम्बरी नालिश निसबत करा पाने रजिस्ट्री हो सकेगी.

तारीख २६ जनवरी सन १८९२ ई० को मुद्दायलेह ने एक बनामा जमीन का बहक मुद्दई लिख दिया—तारीख २६ मई सन १८९२ ई० को मुद्दई ने दस्तावेज मजकूर रजिस्ट्री के लिये पेश किया— अब मुद्दई इस बात की नालिश करता है कि बैनामा की रजिस्ट्री बमूजिब दफा ७७ एक्ट न. ३ सन १८७७ ई० के कराई जावे —मुद्दायलेह ने उज्र किया कि बैनामा मसूख कर दिया गया है— तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि मुद्दई बैनामा की रजिस्ट्री कराने की डिकरी पाने का मुस्तहक है (इ. ला. रि. मद्रास जिल्द १८ सफा २५५ बालास्वल—बनाम—अरूनाचला चेट्टी)—

एक्ट रजिस्ट्री न ३ सन १८७७ ई० के रू से ऐसी कोई मुद्दत मुकर्रर नहीं है कि जिसके अन्दर हर ऐसे दस्तावेज की रजिस्ट्री होना लाजिमी है कि जो रजिस्ट्री के वास्ते मजूर किया गया हो या जिसके अन्दर रजिस्ट्रार को दस्तावेज की रजिस्ट्री का इकारी हुक्म सादिर कर देना लाजमी होवे—जो नालिश इस दफा के बमूजिब दायर की जावे उस की मियाद तारीख हुक्म इकारी रजिस्ट्री से शुरू होगी (इ ला रि कलकत्ता जिल्द १६ सफा १८९ लुखीनारायन खेत्री—बनाम—सतकौरी पैने)—

एक शख्स ने जायदाद गैर मनकूला के बै करने का इकरार किया बलाकि बैनामा भी तहरीर कर दिया—लेकिन इस बैनामा की रजिस्ट्री अजरूय कानून रजिस्ट्री लाजमी थी और बेचने वाले ने उस की रजिस्ट्री करने से इकार किया— तजवीज हाई कोर्ट यह करार पाई कि खरीदार पर, अदालत दीवानी में नालिश

दायर करने के पेश्तर एक्ट रजिस्ट्री के मुताबिक कार्रवाई करना लाजमी न था—बल्कि उसे इजाजत है कि वह ऐसी कार्रवाई मुताबिक एक्ट रजिस्ट्री के न करके अदालत दीवानी में बैनामा की रजिस्ट्री करा पाने का नालिश दायर करे व डिक्री हासिल करे (इ ला रि अलाहाबाद जिल्द २ सफा ४६ रामगुलाम-बनाम-छोटेलाल)—इस नजीर को अलाहाबाद हाई कोर्ट ने बमुकदमा इ. ला रि. अलाहाबाद जिल्द १६ सफा ३०३ (अबदुल्लाखा-बनाम-जानकी) मंजूर का, मगर कलकत्ता हाई कोर्ट ने बमुकदमा इ ला रि कलकत्ता जिल्द ६ सफा १५० (इडन-बनाम—मोहम्मद सिद्दीक) इस नजीर को नामंजूर फरमाकर नीचे लिखे मुताबिक नजीर जारी की है:—अजरूय एक्ट रजिस्ट्री न. ३ सन १८७७ ई० किसी दस्तावेज की रजिस्ट्री करा पाने की नालिश सिर्फ उसी हालत में दायर हो सकेगी कि जब अहकामात दफा ७७ की तामील हो चुकी हो—जो कोई शख्स बमूजिब दफा ७३ रजिस्ट्रार के पास दरखास्त पेश करने में कसूर करे, जैसा कि दफा ७२ में लिखा है तो उस के निसबत यह न कहा जावेगा कि उस ने शरायत मुन्दरजा दफा ७७ की तामील की—बिना लिहाज अहकामात दफा ७७ के कोई नालिश अदालत दीवानी में दायर न हो सकेगी

नालिश बमूजिब दफा ७७ में रजिस्ट्रार फरीक मुकदमा न किया जावेगा (इ ला रि. कलकत्ता जिल्द ५ सफा ४४५ राधाकिशन-बनाम-बुन्नीलाल)-अगर नालिश हस्ब दफा ७७ बगरज कराने रजिस्टरी किसी दस्तावेज की दायर की जावे तो ऐसी नालिश में डिक्री की नाराजी से अपील दायर हो सकेगी—लेकिन ऐसी नालिश में गवर्नमेंट यानी सरकार या अफसर रजिस्टरी को फरीक मुकदमा बनाना जरूरी नहीं है (इ ला रि बम्बई जिल्द ८ सफा २६६ विश्वेश्वर पंडित-बनाम—प्रभाकर भट)-

एक सब रजिस्ट्रार ने चंद दस्तावेजों की इस बिना पर रजिस्टरी करने से इन्कार किया कि उन की तकमील से मुतावल्लेह को इन्कार था—मुद्दई ने रजिस्ट्रार के फैसले अपील पेश किया—लेकिन यह अपील इस बुनियाद पर मंजूर की गई कि दावा मजकूराय दफा ७३ एक्ट रजिस्टरी सन १८७७ ई० के अर्सा [illegible] के अन्दर दायर नहीं की गई—इलावा मुद्दई ने [illegible] करा पाने रजिस्टरी के दावा किया—[illegible] हाई कोर्ट यह हुई कि [illegible]

मात मुन्दरजा दफा ७७ एक्ट रजिस्टरी अदालत, रजिस्टरी दस्तावेज के हुक्म देने की मजाज नहीं थी [इ. ला. रि. मद्रास जिल्द ७ सफा ५३५]

मुद्दायलेह ने मुद्दई के हाथ कुछ जमीन बेचने का इकरार किया और मुद्दई के हक में बैनामा भी इस मजमून का तहरीर कर दिया—लेकिन पीछे से उस ने बैनामा की रजिस्ट्री के पेश्तर जमीन मजकूर का कबजा हासिल किया और फरेब के साथ उस बैनामा को दबा दिया—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि मुद्दई माहदा बै की खास तामील, बजरिये तहरीर वो रजिस्ट्री एक नया बैनामा के, कराने का मुस्तहक है (इ. ला रि मद्रास जिल्द २० सफा १६)

अजरूय एक्ट न. २० सन १८६६ (साबिक का एक्ट रजिस्ट्री) यह तजवीज हुई थी कि किसी ऐसे दस्तावेज की रजिस्ट्री करा पाने की नालिश दायर न हो सकेगी जिस की रजिस्ट्री लाजमी न हो (मदरास हाई कोर्ट रिपोर्ट जिल्द ६ अपील सफा ६)—लेकिन अजरूय नया एक्ट रजिस्ट्री न ३ सन १८७७ ई० अब यह राय करार पाई है कि खरीदार की तरफ से कबाला के रजिस्ट्री करा पाने की बाबत उस सूरत में नालिशो बअदालत दीवानी दायर हो सकेगी कि जब बेची हुई जायदाद की मालियत एक सौ रूपया से कम होवे और इस वजह से रजिस्ट्री लाजमी न हो (इ ला रि. कलकत्ता जिल्द १६ सफा ५०६ टोपा बाई—बनाम अशन उल्ला सरदार)

एक्ट रजिस्ट्री न ३ सन १८७७ ई० की दफा ७७ के बमूजिब तीस दिन की मुद्दत शुमार करते वक्त वह दिन खारिज करना चाहिये कि जिस दिन रजिस्ट्री के इकारी का हुक्म सादिर हुवा होवे—जो नालिश दफा ७७ के बमूजिब दायर की जावे उस में सिवाय इस दावी के कि दस्तावेज की रजि । राई जावे कोई दूसरा दावा शामिल नहीं करना चाहिये—लेकिन जब दूसरे किस्म के दावी शामिल किये जावे तो अदालत को नालिश बिलकुल ही खारिज नहीं कर देना चाहिये बल्कि मुद्दई को अरजी दावी की तरमीम करने का हुक्म देना चाहिये (मदरास ला. जरनल रिपोर्ट जिल्द ६ सफा १०७ विंकट रामचन्द्र राव—बनाम—वीराम्मा)

जब रजिस्ट्री करा पाने की नालिश बमूजिब दफा ७७ के दायर की जावे तो अदालत को सिर्फ तकमील दस्तावेज के बारे में तसफिया करना चाहिये और

अगर जाहिर जहूर में दस्तावेज का तहरीर किया जाना साबित हो जावे और कानून के हुक्मों की पूरे तौर पर तामील की जावे तो अदालत को दस्तावेज को रजिस्ट्री का हुक्म देना चाहिये—"गैर अमूरात के फैसला करने की कुछ जरूरत नहीं है (देखो इ ला रि अलाहाबाद जिल्द १ सफा ३१८; इ. ला. रि मदरास जिल्द १८ सफा २९९)

जो नालिश एक्ट रजिस्ट्री की दफा ७७ के बमूजिब दायर की जावे उस में अदालत दस्तावेज की सचाइट के अलावा किसी दीगर अमर का यानी दस्तावेज के जायज होने के बारे में फैसला नहीं कर सक्ती है—इस अमर का फैसला कि आया दस्तावेज जायज है या नहीं उस नालिश में होना चाहिये जो नाम इस गरज से दायर की जावे—एक दस्तावेज को किसी नाबालिग के सनदी वली ने खिलाफ शरायत उस इजाजतनामा के तहरीर किया था जो उसे जज मिला ने अता की थी—तज्वीज हाई कोर्ट करार पाई कि अदालत दफा ७७ के तहत सिर्फ उसी हालत में दस्तावेज की रजिस्ट्री का हुक्म दे सकती है कि जब दस्तावेज मजकूर सच्चा साबित किया जावे हालांकि वह दस्तावेज अजरूप दफा १० एक्ट न. ८ सन १८६० ई० के नाबालिग की मरजी पर काबिल मसूख है (इ. ला. रि कलकत्ता जिल्द २४ सफा ६६८)

अहकामात दफा ५ एक्ट मियाद न १५ सन १८७७ ई० ऐसी नालिशात से मुताल्लुक होवेंगे जो एक्ट रजिस्ट्री की दफा ७७ के बमूजिब दायर की जावें (इ ला रि कलकत्ता जिल्द ८ सफा ६१० निजामुतउल्ला-बनाम-बजीर अली)—यह नजीर नमुकदमा इ. ला. रि बम्बई जिल्द ८ सफा ५२६ (गुरू चारिया-बनाम-प्रेसीडन्ट बेन गोर टाउन म्यूनिसिपालटी) मंजूर की गई—लेकिन मुकदमा वीराम्मा-बनाम-अविया (इ. ला रि. मदरास जिल्द १८ सफा ११ इस्तदलाल शामिल) यह तजवीज हुई कि एक्ट रजिस्ट्री सन १८७७ ई० एक सन कानून है जो खुद मुकम्मिल है, इस लिये अहकामात दफा ७ एक्ट मियाद ऐसी नालिशात से मुताल्लुक न होवेंगे जो दस्तावेजात की रजिस्ट्री करा पाने की गरज से दायर की जावें—सिद्धान्त जो नालिश किसी नाबालिग की तरफ से [illegible] रजिस्ट्री बेनामा के रजिस्टरार के हुक्म [illegible] के बाद दायर की जावे वह बमूजिब मियाद तसलीम की जावेगी

जब वह मुद्दत मियाद जो दफा ७७ एक्ट रजिस्ट्री के बमूजिब मुकर्रर की गई है उस दिन खतम हो जावे कि जिस दिन अदालत बन्द होवे तो एक्ट मियाद की दफा ९ ऐसी सूरत मे लागू न होगी और अगर नालिश उस दिन दायर हो कि जिस दिन कचेहरी बन्द हो तो वह बेंरू मियाद समझी जावेगी (इ. ला. रि. मदरास जिल्द २० सफा २४९ आपाराम–बनाम–करना).

जो नालिश बअदालत दीवानी बमूजिब दफा ७७ एक्ट रजिस्ट्री के दायर की जावे वह दस रूप्या के स्टाम्प पर होगी (पंजाब रिकार्ड न २१ सन १८९५ ई० मोहम्मद जकारिया–बनाम–मुसम्मात फतीमा)—इसी तरह हाई कोर्ट में जो अपील मुकदमा बमूजिब दफा ७७ में दायर की जावे उस में भी दस रूप्या का कोर्ट फीस यानी रसूम अदालत दरकार है, चाहे दावी की मालियत कितनी भी होवे (इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द ८ सफा ५१५ जन्टों–बनाम–राधाकन्टों)

मुसम्मी (अ) ने रजिस्टरार के पास एक ऐसे बैनामा की रजिस्टरी करा पाने की दरखास्त पेश किया जिस की निस्बत यह बयान किया जाता था कि वह (ब) ने उस के हक में लिख दिया है मगर (ब) ने तकमील से इकार किया–रजिस्टरार ने बैनामा की रजिस्टरी करने से इकार किया (अ)–ने तब बमूजिब दफा २४ एक्ट रजिस्टरी जज के पास वास्ते करा पाने रजिस्टरी दस्तावेज मजकूर दरखास्त दिया और यह बयान किया कि (ब) तकमील दस्तावेज से झूट इकार करता है–जज साहब ने उस की दरखास्त इस बिना पर खारिज किया कि उसे (यानी जज को) इस बात के तसफिया करने के लिये गवाहों का इजहार लेने का अखत्यार नहीं है कि आया बैनामा तकमील हुवा था या नहीं–तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि जज साहब को वैसा अखत्यार था–उन को चाहिये था कि गवाहों का इजहार लेते और इस बात का तसफिया करते कि बैनामा तकमील हुवा या नहीं–जो दरखास्त जज साहब के पास पेश हुई वह बतौर अपील बनाराजी हुक्म अफसर जिस ने रजिस्टरी करने से इकार किया नहीं समझी जा सकी, बल्कि वह इफ्तदाई दरखास्त यानी नम्बरी नालिश वास्ते करा पाने रजिस्टरी समझी जावेगी (बगाल ला रि अपील जिल्द ४ सफा ६५).

इस दफा में जो लफ्ज "हुक्म देने" के आये हैं उन से सिर्फ यह

मुराद नहीं है कि हुक्म तहरीर में आया हो, बल्कि यह मुराद है कि वह हुक्म फरीक मुताल्लुक को सुनाया गया हो—पस नालिश हुक्म सुनाने की तारीख से तीस दिन के अन्दर दायर हो सक्ती है न कि तारीख तहरीर हुक्म से तीस दिन के अन्दर (इ. ला. रिपोर्ट बम्बई जिल्द २८ सफा ५)

सब-रजिस्टरार ने दस्तावेज रजिस्टरी करने से इंकार किया क्योंकि लिखने वाले ने उस के लिखने से इंकार किया—साहूकार ने बिला दरख्वास्त देने रजिस्टरार के पास बमूजिब दफा ७३ एक्ट रजिस्टरी वास्ते कायम कराने अपना हक रजिस्टरी करा पाने के लिये, नम्बरी नालिश इकदम दायर कर दिया—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि ऐसी नालिश नहीं चल सक्ती [इ ला. रि अलाहाबाद जिल्द ३ सफा ३१७ इजलास कामिल].

यह नजीर बमुकदमा इनद-बनाम-मोहम्मद सिद्दिक (इ ला. रि कलकत्ता जिल्द ९ सफा १५०) मंजूर की गई.

एक्ट रजिस्टरी की रू से नम्बरी नालिश वास्ते करा पाने रजिस्टरी सिर्फ उस सूरत में दायर हो सकेगी जब कि अहकामात दफा ७७ की तामील हुई हो—अगर रजिस्टरार के पास दरख्वास्त हस्ब दफा ७३ अन्दर मियाद जो दफा ७२ की रू से मुकर्रर है न दी गई हो तो अहकामात दफा ७७ की तामील न समझी जावेगी (इ ला रि. कलकत्ता जिल्द ९ सफा १५०)—

अगर किसी दस्तावेज की रजिस्टरी इस वजह से न की गई हो कि कोई फरीक उस की तकमील से इंकार करता है तो मामला की तहकीकात करके रजिस्टरार को हुक्म दफा ७३ करना चाहिये कस्त इस के कि नम्बरी नालिश दायर करने का हक बमूजिब दफा ७७ पैदा हो; और जब तक इस एक्ट के अहकामात की तामील पूरी न हो जाय तब तक बिलाय मुकद्दमा बमूजिब दफा ७७ पैदा न होगी (इ ला. रि. कलकत्ता जिल्द ९ सफा ८५१)

मुद्दायलेहुम ने एक मकान २५००) रुपये में बेचने का इकरार किया [illegible] उसकी बाबत १००) रुपये बतौर बियाना के उस को दिया गया और [illegible] १००) रु० पाने की रसीद तहरीर कर दी—इस [illegible] की नालिश में तजवीज चीफ कोर्ट पंजाब यह करार [illegible] कि [illegible]

नालिश १००) रुपये की समझी जावे न कि २५००) रुपय की इस लिये दूसरी अपील न हो सकेगी (पजाब रि न २१ सन १८९५)—

मगर इस नजीर से बमुकदमा देवीदत्त–बनाम–अहमदखा पजाब रि. न. ४३ सन १८९६ फरक किया गया—

एक नालिश बमूजिब दफा ७७ वास्ते करा पाने रजिस्टरी रहन नामा जमीन कीमती १९९) रू० दायर की गई—अदालत इसदाई ने डिक्री बहक मुद्दई सादर की और रहन नामा की रजिस्टरी बाजाब्ता की गई मगर अपील में साहब डिवीजनल जज ने डिक्री को मसूख किया–मुद्दई ने दूसरी अपील अदालत चीफ कोर्ट में दायर किया—मुद्दायलेह की तरफ से यह उजर किया गया कि नालिश हस्ब दफा ७७ बतौर नालिश जमीन नहीं समझी जा सक्ती, इस लिये दूसरी अपील बनाराजगी डिक्री डिवीजनल जज नहीं दायर हो सक्ती—तर्जबीज चीफ कोर्ट करार पाई कि नालिश हस्ब दफा ७७ बावत करा पाने रजिस्टरी रहन नामा बतौर नालिश निसबत हक जमीन समझी जावेगी इस लिये दूसरी अपील हो सकेगी–(देवीदत्त–बनाम–अहमदखा पजाब रिकार्ड नम्बर ४३ सन १८९६ ई०)—

हिस्सा--१३.

फीस बाबत रजिस्ट्री तलाशी व नकल.

दफा ७८—ब कैद मजूरी आली जनाब नव्वाब गवर्नर जनरल साहिब बहादुर बइजलास कौंसिल लोकल गवर्नमेंट एक फेहरिस्त फीस वाजिबुल-अदा तैयार करेगी:—

लोकल गवर्नमेंट फीस मुकर्रर करे

(अ) बाबत रजिस्ट्री दस्तावेजात,

(ब) बाबत तलाश रजिस्ट्री,

(क) बाबत तय्यारी व दिये जाने नकल वजूहात, दाखले या दस्तावेजात कब्ल, वरवक्त या बाद रजिस्ट्री के.

वो निस्बत फीस जायदाद वाजिबुलअदा

(ड) बाबत हर रजिस्ट्री बमूजिब दफा ३०

(ई) बाबत इजराय कमीशन.

(फ) बाबत दाखल करने तरजुमा.

(जी) बाबत हाजरी मकानात सकूनती में.

[illegible] व वापिसी दस्तावेजात.

[illegible] और बातों के जो लोकल [illegible] की मनशा पूरी करने [illegible]

पड़े—

तशरीह'—इस दफा में रजिस्ट्री कराने की फीस मुकर्रर है शरह फीस जो हर जिला में जारी है—उसकी एक फिहरिस्त दफ्तर रजिस्ट्री में टंगी रहती है—फीस दस्तावेज के पेश होने पर पेशगी देना होता है—

इश्तहार फीस

दफा ७९—फेहरिस्त फीस जो इस तरह वाजिबुलअदा हो सरकारी गजट में छापी जायगी और उसकी एक एक नकल अंग्रेजी में और जिले की देशी जबान में हर दफ्तर रजिस्टरी में आम लोगों के देखने के लिये लटकाई जावेगी.

फीस वाजिबुलअदा बर वक्त पेशी.

दफा ८०—जुमला फीस बाबत रजिस्ट्री दस्तावेजात बमूजिब एक्ट हाजा के ऐसे दस्तावेजात के पेश होने पर अदा की जावेगी

हिस्सा--१४.

अहकाम सजा

जा निसबत गलत तह-
जुहरी नकल तरजुमा
रजिस्ट्री दस्तावेजात
रज पहुचाने नुकसान.

दफा ८१—इस एक्ट के मुताबिक मुकर्रर किया हुआ हर अफसर रजिस्ट्री और हर शख्स जो इस एक्ट की गरजों के लिये उस के दफ्तर में मुलाजिम हो, और जिस के सिपुर्द इस एक्ट के अहकाम के मुताबिक
श या दाखिल हुए किसी दस्तावेज की तहरीर जुहरी, नकल,
रजुमा या रजिस्ट्री करने का काम हो, अगर उस दस्तावेज की
ारत जुहरी, नकल, तरजुमा या रजिस्ट्री इस तरह पर करे
जिसे वह जान्ता हो या यकीन करता हो कि गलत है और
ा करने से उस का यह इरादा हो कि किसी शख्स को
कसान, जिस की तशरीह ताजीरात हिन्द में है, पहुचाया जाय
वह यह जान्ता हो कि ऐसा करने से नुकसान पहुचने का
हतेमाल है, तो उस को सजा कैद की दी जायगी जिस की
याद सात बरस तक हो सक्ती है, या जुरमाना की सजा या
ो सजायें दी जावेंगी

तशरीह —इस दफा में उन जुरमों की सजाओं का जिक्र है जो तिलाफ
स्ट्री एक्ट के किये जावें

"नुकसान" के लफ्ज से वह नुकसान मुराद है जो किसी शख्स के जिस्म,
माल या जायदाद के निसबत पहुचाया जावे (देखो मजमूआ ताजीरात हिन्द
१४).

तशरीह:—इस दफा में रजिस्ट्री कराने की फीस मुकर्रर है शरह फीस जो हर जिला में जारी है—उसकी एक फिहरिस्त दफ्तर रजिस्ट्री में टंगी रहती है—फीस दस्तावेज के पेश होने पर पेशगी देना होता है—

दफा ७९—फेहरिस्त फीस जो इस तरह वाजिबुलअदा हो सरकारी गजट में छापी जायगी और उसकी एक एक नकल अंग्रेजी में और जिले की देशी जबान में हर दफ्तर रजिस्टरी में आम लोगों के देखने के लिये लटकाई जावेगी.

इश्तहार फीस

दफा ८०—जुमला फीस बाबत रजिस्ट्री दस्तावेजात बमूजिब एक्ट हाजा के ऐसे दस्तावेजात के पेश होने पर अदा की जावेगी.

फीस वाजिबुलअदा बर वक्त पेशी.

हिस्सा--१४.

अहकाम सजा.

जा निसबत गलत तह-
र जुहरी नकल तरजुमा
रजिस्ट्री दस्तावेजात
गरज पहुचाने नुकसान.

दफा ८१—इस एक्ट के मुताबिक मुकर्रर किया हुआ हर अफसर रजिस्ट्री और हर शख्स जो इस एक्ट की गरजों के लिये उस के दफ्तर में मुलाजिम हो, और जिस के सिपुर्द इस एक्ट के अहकाम के मुताबिक श या दाखिल हुए किसी दस्तावेज की तहरीर जुहरी, नकल, रजुमा या रजिस्ट्री करने का काम हो, अगर उस दस्तावेज की बारत जुहरी, नकल, तरजुमा या रजिस्ट्री इस तरह पर करे के जिसे वह जान्ता हो या यकीन करता हो कि गलत है और सा करने से उस का यह इरादा हो कि किसी शख्स को कसान, जिस की तशरीह ताजीरात हिन्द में है, पहुचाया जाय वह यह जान्ता हो कि ऐसा करने से नुकसान पहुचने का हतेमाल है, तो उस को सजा कैद की दी जायगी जिस की याद सात बरस तक हो सक्ती है, या जुरमाना की सजा या नो सजायें दी जावेंगी

तशरीह —इस दफा में उन जुरमों को सजाओं का जिक्र है जो सिलसिले स्ट्री एक्ट के किये जावें

"नुकसान" के लफ्ज से वह नुकसान मुराद है जो किसी शख्स के जिस्म, आबरू या जायदाद के निसबत पहुचाया जावे (देखो मजमूआ ताजीरात हिन्द धारा ४४).

एक रजिस्ट्री मोहर्रर पर यह जुर्म लगाया गया कि उसने चद दस्तावेजों पुश्त पर झूठ इबारत जोहरी दर्ज की थी और उस इबारत पर रजिस्ट्रार साहब दस्तखत करा लिये गये थे—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि कब्ल इस के मोहर्रर मजकूर की सजा बजुर्म जाल साजी बमूजिब फिकरा ३ दफा ४ ताजीरात हिन्द की जा सके यह साबित होना चाहिये कि रजिस्ट्रार को धोका के सबब से यह नहीं मालूम हुआ कि जिस दस्तावेज पर वह दस्तखत कर रहा उस का मजमून क्या है—जो रूप्या रजिस्ट्री मोहर्रर बतौर फीस वास्ते रजि दस्तावेजात लेवे वह बतौर ऐसे रूप्ये के समझा जायगा कि जो उस के पास बहैसि सरकारी मुलाजिम सुपुर्द किया गया (वी. रि क्रिमीनल सालिंग जिल्द सफा ४६).

सजा निस्बत करने झूठ बयान देने गलत नकल या तरजुमा, बनना दूसरा शख्स, वी अयानत

दफा ८२—जो कोई शख्स नीचे लिखे हुए जुरमों में कोई जुर्म करेगा, तो उस को सजा की दी जावेगी, जिस की मियाद स बरस तक हो सक्ती है, या जुरमाना सजा या दोनो सजाएं दी जायगीः—

(अ) इस एक्ट के मुताबिक किसी कार्रवाई तहकीकात में किसी ऐसे अफसर के रूबरू, इस एक्ट की तामील में अमल करता हो, जा बूझकर कोई झूटा बयान हलफन या बिला हल करना, चाहे वह बयान लिखा गया हो या नहीं

(ब) किसी कार्रवाई बमूजिब दफा १९ या २१ किसी अफसर रजिस्ट्री को जानबूझकर कि दस्तावेज की झूठ नकल या तरजुमा देना किसी नकशा जमीन या इमारत की झूठ नकल देना.

(क) इस एक्ट के मुताबिक किसी कार्रवाई या तहकीकात में झूट मूट दूसरा शख्स बनकर, उस बनी हुई सूरत से कोई दस्तावेज पेश करना, कोई इकबाल या बयान करना, कोई समन या कमीशन जारी कराना या कोई और काम करना

(ड) किसी ऐसे काम के निसबत, जो बमूजिब एक्ट हाजा काबिल सजा है, अयानत करना

मुकदमा फौजदारी चलाने की मंजूरी पेश्तर से हासिल करने के बारे में हाई कोर्टों की नजीरें एक दूसरे के बरखिलाफ हैं, जैसा कि नीचे दर्ज की हुई नजीरों से पाया जाता है—बमुकदमा सरकार-बनाम-बटेसर (इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द १० सफा ६०४) यह तजवीज करार पाई कि सिवाय बमूजिब हुक्म मुन्दरजा दफा ८२ एक्ट न ३ सन १८७७ ई० मजिस्ट्रेट अपने ही अख्तयार से किसी मुलजिम के बरखिलाफ जुर्म कायम करने का मजाज नहीं है बख्तबार उस शहादत के जो अफसर रजिस्ट्री के रूबरू निसबत चद एसे बयानात के दी गई थी जो उस के सामने दौरान कार्रवाई रजिस्ट्री के किये गये हों—लेकिन बमुकदमा गोपीनाथ—बनाम—कुलदीप सिंग (इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द ११ सफा ६६६) यह राय करार पाई कि एक्ट रजिस्ट्री सन १८७७ ई० की दफा ८२ के बमूजिब मुकदमा फौजदारी चलाने के वास्ते मंजूरी हासिल करने की जरूरत नहीं है—चद शख्सों पर जुर्म हस्ब दफा ८२ एक्ट रजिस्ट्री व जुर्म जालसाजी निसबत उस दस्तावेज के लगाया गया जो एक सब-रजिस्ट्रार के रूबरू पेश किया गया था और जिस की रजिस्ट्री भी उसी सब-रजिस्ट्रार ने की थी—सब रजिस्ट्रार ने तहकीकात करने के बगैर उन लोगों पर मुकदमा फौजदारी चलाने की मंजूरी दी—मातहत सेशन्स जज ने बमूजिब दफा २१६ मजमूआ जाब्ता फौजदारी मुकदमा हाई कोर्ट में इस गरज से भेजा कि हुक्म मिस्लीगी मुकदमा [illegible] सेशन्स इस बिना पर मंसूख किया जावे कि जाब्ता मंजूरी नहीं दी गई—[illegible] हाई कोर्ट यह करार पाई कि जाल साजी के जुर्म के लिये मंजूरी दरकार नहीं है,

क्योंकि अहकामात दफा १९५ मजमूआ जाब्ता फौजदारी ऐसी सूरत में ला
होवेंगे (इ. ला रि. मदरास जिल्द ११ सफा ५००)-एक राहिन पर
इस बात का लगाया गया कि उसने रहननामा मे फरेबन कुछ तब्दीली
तजवीज करार पाई कि जाल साजी के जुर्म के निसबत मुकदमा फौजदारी
के वास्ते मजूरी दरकार नहीं है (इ. ला रि. मदरास जिल्द १२ सफा
सरकार-बनाम-सोमानादरी)—दूसरी नजीर में मदरास हाई कोर्ट ने यह त
की कि जो रजिस्ट्रार बमूजिब दफा ७२-७५ एक्ट रजिस्ट्री के कार्रवाई करत
वह बगरज अहकामात दफा १९५ मजमूआ जाब्ता फौजदारी के बतौर अदाल
समझा जावेगा (इ ला. रि मदरास जिल्द १५ सफा १३८ इजलास
अछैय्या-बनाम गगैय्या)—इस नजीर के बरखिलाफ अलाहाबाद हाई कोर्ट ने
मजमून की नजीर जारी की है कि जो रजिस्ट्रार एक्ट रजिस्ट्री सन १८७७ ई
दफा ७३ के मुताबिक कार्रवाई करता है वह हस्ब मनशाय दफा १९५ म
जाब्ता फौजदारी के अदालत में दाखिल नहीं है (इ. ला रि. अलाह
जिल्द १५ सफा १४१ मलका मौजमा-बनाम-रामलाल)—बम्बई हाई
की यह राय है कि सब-रजिस्ट्रार जज नहीं है इस लिये वह अदालत में द
नहीं है हस्ब मनशाय दफा १९५ मजमूआ जाब्ता फौजदारी—पस उस की
ऐसे जाली दस्तावेज के निसबत कि जो उस के दफ्तर में रजिस्ट्री के लिये
किया गया हो जाल साजी के जुर्म में मुकदमा फौजदारी चलाने के लिये
नहीं है (इ ला. रि बम्बई जिल्द १२ सफा ६१ मलिका मौज
बनाम-तुलजा)

रजिस्ट्रार जो बमूजिब दफा ७३ एक्ट रजिस्ट्री कार्रवाई करता हो
अदालत हस्ब मनशा दफा १९५ मजमूआ जाब्ता फौजदारी नहीं तसव्वर
(इ ला रि अलाहाबाद जिल्द १५ सफा १४१)

जब रजिस्टार किसी ऐसे दस्तावेज की रजिस्ट्री को जिस की तकमील
की जाती है तो वह बतौर अदालत नहीं समझा जायगा, गो वह कार्रवाई
दफा ७२ वो ७५ के लिये बतौर अदालत समझा जायगा (मदरास ला. ज
जिल्द २ सफा २८६)

सायल ने तकमील दस्तावेज बहक मुसम्मी (अ) करने से सब-रजिस्टरार के रूबरू इकार किया इस सबब से उस अफसर ने दस्तावेज मजकूर की रजिस्टरी नहीं किया उस पर मुसम्मी (अ) ने सायल पर इस्तगासा बजुर्म दगा बमूजिब दफा ४१७ ताजीरात हिन्द पेश किया—वह तारीख २६ मार्च सन १९०६ ई० को हस्ब दफा २०३ मजमूआ जाब्ता फौजदारी खारिज किया गया—तारीख २७ अप्रेल सन १९०६ ई० को (अ) ने खास सब-रजिस्टरार के पास अपील किया—अपील खारिज की गई क्यों कि वह सब-रजिस्टार के हुकूम इकारी से तीस दिन के अन्दर पेश नहीं की गई थी मगर खारिज करने के साथ सब-रजिस्टार ने डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार को रपोर्ट भेज दी, जिस का नतीजा यह हुवा कि तहकीकात होने पर सायल के खिलाफ कार्रवाई बमूजिब दफा ८२ एक्ट रजिस्ट्री शुरू की गई—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि सायल पर मुकदमा हस्ब दफा ८२ नहीं चल सक्ता, क्योंकि जब अपील तीस दिन के बाद पेश की गई तो वह बेरूं मियाद थी और उस के रू से तहकीकात करने के लिये कोई कार्रवाई शुरू नहीं की जा सक्ती थी (कलकत्ता वी० नो० जिल्द १२ सफा ४७)—

सायल ने तकमील वो रजिस्ट्री कराने रहन नामा से इकार किया, अपील होने पर खास सब-रजिस्टार को मालूम हुवा कि रहन नामा सच्चा है और उस ने उस की रजिस्ट्री का हुक्म दिया और बकैद मजूरी डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार सायल के चालान बमूजिब दफा ८२ एक्ट रजिस्ट्री करने की भी इजाजत दी—डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार ने मजूरी दिया मगर सायल ने दरखास्त दिया कि उस पर मुकदमा ता फैसला नम्बरी नालिश, जो उस ने अदालत दीवानी में उस रहन नामा की जाली करार दिये जाने के निस्बत दायर की है, मुलतवी किया जाय—रजिस्ट्रार ने फौजदारी मुकदमा मुलतवी नहीं किया तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि मजिस्ट्रेट साहब को कार्रवाई ता फैसला नालिश दीवानी मुलतवी रखना चाहिये था (कलकत्ता वी. नो. जिल्द ५ सफा ४४).

इसी मजकूर की नजीर के लिये देखो कलकत्ता वी० [illegible] जिल्द ५ सफा २३३

मुसम्मी (स) ने अपनी जमीन २१५) रु० में (ग) [illegible] बेनामी में ४००) रु० हक रुका को मुकम्मल पहुंचने की [illegible]

गया—(स) ने सब-रजिस्ट्रार के रूबरू पहले यह बयान किया कि मुझे ४००) रू० मिले है, मगर पीछे से उस ने यह कहा कि मुझे सिर्फ २१५) रू० मिले हैं–(ग) ने भी यह कबूल किया कि मैं ने सिर्फ २१५) रू० दिया है मगर उस ने यह भी कहा कि मैं बाकी रूप्या देने को राजी हू–तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि (स) झूठ बयान करने के जुर्म का कसूरवार है, मगर (ग) ने कोई जुर्म या अयानत बमूजिब एक्ट रजिस्ट्री नहीं किया, लेकिन वह दफा ४२३ ताजीरात हिन्द के जुर्म का कसूरवार समझा जावेगा (पजाब रि. न. २३ सन १८६९ फौजदारी).

(अ) ने (ब) को १००) रू० जमीन रहन रखने पर कर्ज देने का इकरार किया—रहननामा लिखा गया और उस में यह दर्ज किया कि १००) रू० दिये गये–सब-रजिस्ट्रार के रूबरू फरीकैन ने पहिले यह बयान किया कि रूप्या दे दिया मगर फिर सवाल करने पर यह बयान किया कि ६०) रू० पुराने कर्जा की बाबत मुजरा किया गया और ४०) रूप्या अभी देना बाकी है–तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि न रहननामा को रजिस्ट्री के लिये पेश करना और न फरीकैन का जबानी बयान करना "झूठ बयान करने" की हद को पहुचता है [पजाब रि. न. १७ सन १८७१ फौजदारी]—

बेचने वाला तीन शख्सों के साथ शहर ढाका बैनामा की रजिस्ट्री कराने के लिये गया—रास्ते में वह बीमार हो गया—उस के तीन साथीदार रजिस्ट्रार के दफ्तर में गये, उन में से एक बेचने वाला बन गया और उस ने बैनामा की रजिस्ट्री कराई–उस की सजा झूठ शख्स बनने के जुर्म में की गई और बाकी दो साथियों को सजा अयानत के जुर्म में दी गई–नजरसानी होने पर तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि जब मुलजिम की तरफ से किसी शख्स को नुकसान पहुचाने या फरेब देने की नियत नहीं थी तो सजायाबी मुलजिमान बमूजिब एक्ट रजिस्ट्री दफा ८२, न कि ताजीरात हिन्द दफा ४१९, होना चाहिये था–(बगाल ला रि जिल्द २ सफा २५)— -

हस्ब दफा ८२ एक्ट रजिस्ट्री झूठा शख्स बनने के जुर्म में यह जरूर नहीं है कि मुलजिम की नियत फरेब देने की हो—अगर कोई शख्स दूसरे शख्स के

कहने पर रजिस्ट्रार के पास जाकर उस से वह दस्तावेज मांगे जो वास्ते रजिस्ट्री पेश किया गया और रजिस्ट्रार से यह कहे कि मैं ही वह दूसरा शख्स हूं जिस ने दस्तावेज पेश की थी तो उस की निसबत यह समझा जायगा कि उस ने हस्ब मनशा दफा ८२ एक्ट रजिस्ट्री जुर्म झूठा शख्स बनने का किया—(बम्बई ला रि जिल्द ५ सफा १३८)—

अपानत की तारीफ के लिये देखो दफा १०७ ताजीरात हिन्द अपानत करने वाले को बमुकाबले उस शख्स के कि जिस की उस ने अपानत की—ज्यादा सख्त सजा दी जा सकी है—(बी. रि क्रिमनल ४ स्कालेंग जिल्द ८ सफा १६)—

दफा ८३—(१) नालिश निस्बत किसी जुर्म बमूजिब एक्ट हाजा के, जो किसी अफसर रजिस्टरी को बहैसियत अपने ओहदे के जाहिर हो, तरफ मे या बइजाजत इन्स्पेक्टर जनरल, या बेंच इन्स्पेक्टर जनरल सिंध, या रजिस्टरार या सब-रजिस्टरार के, यानी जिस के इलाके जिले या हिस्सा जिला के अन्दर, जैसी कि सूरत हो, वह जुर्म किया गया हो, दायर की जावेगी—

अफसर रजिस्टरी मुकदमा चलावे—

(२) इस एक्ट के मुताबिक काबिल सजा जुर्म की तहकीकात किसी ऐसे अदालत में या अफसर के जरिये होगी जिस को मजिस्टरेट दरजा दोयम के अख्तयारात से कम अख्तयारात न हों—

तशरीह.—इस दफा की रू से रजिस्ट्रार को सब-रजिस्ट्रार को मुकदमा चलाने की इजाजत दी गई है—

जुरमाना की बाबत देखो दफा ३८६ से ३८८ तक मजमूआ जाब्ता फौजदारी एक्ट नं. ५ सन १८९८ ई०)

दफा ५१ मजमूआ जाब्ता फौजदारी का असर [illegible]

अखत्यार पर नहीं पड़ेगा जो कि उस को दफा ८३ एक्ट रजिस्ट्री की रू से हासिल है–(इ. ला रि मदरास जिल्द ७ सफा ३४७)–

बमुकदमा भारतचद्रसेन बम्बई ला. रि जिल्द ८ सफा ४२३ हाई कोर्ट की यह तजवीज करार पाई कि जो सब-रजिस्ट्रार मजिस्ट्रेट के अखत्यार बरतता हो वह किसी ऐसे मुकदमे की तहकीकात करने का मजाज न होगा जो उस के रजिस्ट्री दफ्तर के किसी मातहत पर चला हो और न वह उस की तजवीज कर सकेगा न मुलजिम को सजा दे सकेगा–मगर यह नजीर बमुकदमा सरकार –बनाम–हीरालाल दास बगाल ला. रि. जिल्द ८ सफा ४२२ नापसद की गई–

एक्ट रजिस्टरी की दफा ८३ के जुर्म के मुकदमे मिपुर्द सेशन्स हो सक्ते हैं और सेशन जज उन की तजवीज करके मुलजिम को सजा दे सक्ता है–(बगाल ला. रि जिल्द ६ सफा ६९२)—

अहकामात दफा ६३ ता ७० ताजीरात हिन्द वो अहकामात मजमूआ जाब्ता फौजदारी ऐसे जुरमाना वसूल करने के वारंट के इजरा वो तामील में लागू होंगे जो इस एक्ट के रू से मुलजिम पर किया जाय—(देखो एक्ट आम जिमन न १० सन १८९७ दफा २५)—

अफसर रजिस्टरी मुलाजिम सरकारी समझे जावेंगे.

दफा ८४—(१) हर अफसर रजिस्टरी जो इस एक्ट के मुताबिक मुकर्रर हो हस्ब मानी ताजीरात हिन्द मुलाजिम सरकारी समझा जायगा.

(२) हर शख्स पर कानूनन वाजिब होगा कि जब कोई ऐसा अफसर रजिस्टरी कुछ दरयाफ्त करे तो उसको वह हाल बतलावे—

(३) मजमूआ ताजीरात हिन्द की दफा २२८ में अलफाज "अदालत की कार्रवाई" में कार्रवाई बमूजिब एक्ट हाजा शामिल समझी जावेगी.

तशरीह—वास्ते तारीफ उफ्ज "मुलाजिम सरकारी" देखो दफा २१ मजमूआ ताजीरात हिन्द—दफा २२८ ताजीरात हिन्द ऐसे सरकारी मुलाजिम को रज पहुचाने और उसके काम में हरज डालने के ताल्लुक है जो अदालताना कार्रवाई करता हो—सब-रजिस्टार बतौर ऊपर लिखे सरकारी मुलाजिम के समझा जावेगा और उसकी कार्रवाई हस्ब मनशा दफा २२८ ताजीरात हिन्द बतौर कार्रवाई अदालताना तसौवर होगी और चूंकि उसको कानून का रू से शहादत लेने का अख्तयार है इस लिये वह बमूजिब दफा ३ एक्ट शहादत बतौर अदालत समझा जावेगा (बगाल ला रि अपील जिल्द १३ सफा ४०) —

हिस्सा—१५

मुतफर्कात.

तलफ दस्तावेज लादावी.

दफा ८५—दस्तावेजात (सिवाय वसियतनामों के) जो किसी दफ्तर रजिस्टरी में दो बरस से ज्यादा मुद्दत तक लादावी पडे रहें तलफ कर दिये जावें—

अफसर रजिस्ट्री अपनी सरकारी हैसियत से नेक नीयती के साथ खुद अपने किये हुए काम या इकार की बाबत दावा का जिम्मेदार नहीं

दफा ८६—कोई अफसर रजिस्टरी किसी ऐसे काम के निस्बत जिसे उसने बहैसियत अपने ओहदे के नेक नीयती से किया हो या करने से इंकार किया हो जिम्मेदार नालिश दीवानी या दावी या मतालबा का नहीं हो सक्ता है—

इस तरह किया हुआ कोई काम मुकर्ररी या जाप्ते के नुक्स की वजह से नाजायज न होगा.

दफा ८७—इस एक्ट के मुताबिक या इस एक्ट के जरिये मन्सूख किये हुए किसी एक्ट के मुताबिक कोई काम जो किसी अफसर रजिस्टरी ने नेक नियती से किया हो सिर्फ उस्की मुकर्ररी में या जाप्ता में कोई नुक्स होने की वजह से नाजायज न समझा जायगा.

तशरीहः—प्रिवी कौंसिल की यह राय है कि यह ख्याल करना बमुश्किल वाजिब समझा जावेगा कि कानून बनाने वालों की यह मनशा थी कि हर एक दस्तावेज की रजिस्ट्री बवजह न तामील करने अहकामात दफा १९, २१ वो

३६ के रद्द तसौव्वर की जावे बल्कि सरकार की यह मनशा पाई जाती है कि ऐसी गलतिया वो बेजाब्ती मुक्स जाब्ता मुन्दरजा दफा ८७ एक्ट रजिस्टरी में दाखिल की जावे ताकि बेकसूर गरीब फरीकैन रजिस्ट्री करने वाले अफसरों की गलती की वजह से अपनी जायदाद से महरूम न किये जावें (वी. रिपोर्ट जि० २४ सफा ७५)—

रजिसटरी दस्तावेजात जिन की तकमील अफसरान सरकारी या दीगर ओहदेदारान करें.

दफा ८८—(१) बावजूद किसी इबारत मुन्दर्जे एक्ट हाजा के, किसी अफसर सरकारी या साहिब एडमिनिस्टेटर जनरल बहादुर बंगाल, मदरास या बम्बई या आफिसियल ट्रस्टी या आफिशीयल असायनी या हाई कोर्ट के शारिफ रिसीवर या रजिस्ट्रार को जरूर न होगा कि किसी ऐसे दस्तावेज की रजिस्ट्री की कार्रवाई में जिस को उसने बहैसियत अपने ओहदे के तहरीर किया हो, असालतन या बजरिये मुख्त्यार किसी दफ्तर रजिस्ट्री में हाजिर हो या हस्ब मनशाय दफा ५८ दस्तखत करे

(२) जब किसी दस्तावेज की इस तरह पर तकमील की जाय, तो अफसर रजिस्ट्री को, जिस के रूबरू वह दस्तावेज रजिस्ट्री के लिये पेश हुआ हो, अख्त्यार है कि अगर मुनासिब समझे तो किसी गवर्नमेंट सेक्रेटरी, या उस अफसर सरकारी, एडमिनिस्ट्रेटर जनरल, अफिशियल ट्रस्टी, अफिशियल असानी, शारिफ, रिसिवर या रजिस्ट्रार से, जैसी की सूरत हो, उस दस्तावेज के निसबत हाल दरयाफ्त करे, और अगर उस की तकमील के निसबत उसे इतमीनान हो जाय, तो वह उस की रजिस्टरी करेगा

दफा ८९—(१) हर अफसर को, जो करजा बमूजिब एक्ट तरक्की हैसियत आराजी सन १८८३ ई० के अता करे, लाजिम है कि अपने हुक्म की एक नकल उस अफसर रजिस्टरी के पास भेजे जिस के अखत्यारात समाअत की हदूद मुल्की के अन्दर वह जमीन या उस जमीन का कोई हिस्सा वाकै हो, जिस की हैसियत की तरक्की की जाती हो या वह जमीन या उस जमीन का कोई हिस्सा वाकै हो जो बतौर जमानत के दी जाय, और अफसर रजिस्टरी उस नकल को अपने रजिस्टर नं १ में दाखिल करेगा.

नकल चद सारटिफिकट वो दस्तावेजात की अफसरान रजिस्ट्री को भेजी जावें और वहा दाखल दफ्तर की जाय

(२) हर अदालत को, जो बमूजिब जाब्ता दीवानी सन १९०८ सारटिफिकट नीलाम जायदाद गैर मनकूला को अता करे, लाजिम है कि वैसे सारटिफिकट की एक नकल उस अफसर रजिस्टरी के पास भेजे जिस के अखत्यारात समाअत की हदूद मुल्की के अन्दर जायदाद गैर मनकूला मशमूला सारटिफिकट का कुल या कुछ हिस्सा वाकै हो, और वह अफसर रजिस्टरी उस नकल को अपने रजिस्टर नं १ में दाखिल करेगा.

(३) हर अफसर को जो एक्ट करजा काश्तकारान सन १८४४ ई० के बमूजिब करजा अता करता है, लाजिम है कि उस दस्तावेज की एक नकल कि जिस में जायदाद गैर मनकूला वास्ते अदाई करजा रहन है, और अगर जायदाद मजकूर उसी गरज के लिये हुक्म दिये जाने करजा में रहन है

तो ऐसे हुक्म की एक नकल भी उस अफसर रजिस्टरी के पास भेजेगा जिस के अखत्यार समाअत मुल्की के अन्दर जायदाद मरहूना का कुल या कुछ हिस्सा वाकै है, और ऐसा अफसर रजिस्टरी नकल या नकलों को, जैसी कि सूरत होवे, अपनी किताब नं. १ में दाखल करेगा

(४) हर एक अफसर माल को, जो उस जायदाद गैर मनकूला के खरीदार को, कि जिस्का नीलाम हुआ हो, सारटिफिकट नीलाम अता करे, लाजिम होगा कि सारटिफिकट की एक नकल उस अफसर रजिस्टरी के पास भेजे जिस के अखत्यार समाअत मुल्की के अन्दर उस जायदाद का कुल या कुछ हिस्सा वाकै हो जो सारटिफिकट में शामिल है और ऐसा अफसर इस नकल को किताब न १ में दाखिल करेगा.

तशरीहः—सारटिफिकट नीलाम जो अदालत की तरफ से मनूजिब दफा ३१६ मजमूआ जाब्ता दीवानी दिया जावे, और जिस की नकल अफसर रजिस्ट्री के पास हस्ब मनशा दफा ८९ एक्ट न ३ सन १८७७ के भेजी गई हो एक्ट मजकूर की दफा ५० की मनशा के मुताबिक रजिस्ट्री शुदा दस्तावेज में दाखिल नहीं है—(अलाहाबाद वीकली नोट बाबत सन १८८२ ई० सफा ५१)

अगर पहला सारटिफिकट बगैर कसूर खरीदार नीलाम गुम गया हो या अदालत में रोक रखा गया हो और इतने में उस की रजिस्ट्री की मियाद गुजर गई हो तो माकूल वजह बतलाने पर अदालत उस को नया सारटिफिकट दे सकती है—(खुले फैसलेजात बम्बई सन १८७३)

अदालत का काम है कि जब वह सारटिफिकट नीलाम खरीदार को देवे तो उस की एक नकल अफसर रजिस्टरी को भी भेजे—अगर अदालत ऐसी नकल न भेजे और दूसरी नकल खरीदार को देवे तो इस बिना पर इंकार करे कि

पहले सारटिफिकट की रजिस्टरी खरीदार की गफलत से नहीं हो सकी, तो अदालत की कार्रवाई बाबत न देने नकल खरीदार को नाजायज समझी जावेगी (छपे फैसलेजात बम्बई सन१८८७ सफा ४७)

इस दफा के रू से ४ किस्म के सारटिफिकट वो हुक्म भेजे जाते हैं.

(१) हुक्म निसबत करजा तरक्की हैसियत आराजी;

(२) हुक्म करजा कारतकारान,

(२) सारटिफिकट नीलाम हस्ब दफा ६५ आर्डर २० कायदा ६४ मजमूआ जाब्ता दीवानी सन १९०८ जो अदालत दीवानी से दिलाया गया हो.

(४) सारटिफिकट नीलाम बाबत जायदाद गैर मनकूला जो मोहकमा माल से दिया गया हो

इन सारटिफिकटों की नकल दफ्तर रजिस्टरी में भेजने का काम उस अफसर या अदालत का है जिसने वैसा सारटिफिकट या हुक्म खरीदार या कर्ज लेने वाले को दिया, न कि कर्जदार या खरीदार का-पस रजिस्टरी कराने की जिम्मेदारी अफसर या अदालत पर लाजमी है-खरीदार या कर्जदार चाहे तो वह भी रजिस्टरी मियाद मुकर्रा के अन्दर करा सक्ता है यानी चार माह के अन्दर, मगर ऐसा करना या न करना उस के अखत्यारी बात है (अहकाम इन्सपेक्टर जनरल रजिस्टरी पजाब हिस्सा ५ दफा ३१, ३२, ३३).

मुस्तसनियात एक्ट से

माफी चद दस्तावेजात जिन की तकमील सरकार की तरफ से या बहक सरकार हुई हो.

दफा ९०—(१) किसी इबारत मुन्दर्जे एक्ट हाजा या एक्ट रजिसटरी हिन्द सन १८७७ या एक्ट रजिसटरी हिन्द सन १८७१ या किसी एक्ट से, जो अजरूये एक्ट हाजा मन्सूख हुवा है, यह न समझा जायगा कि उस में यह हुक्म है, या किसी वक्त था कि नीचे लिखे हुए दस्तावेजों या

नकशों की रजिसटरी जरूर है, यानी—

(अ) दस्तावेजात जो किसी ऐसे अफसर ने जारी किये हों, हासिल किये हों या तसदीक किये हों जो मालगुजारी जमीन के बन्दोबस्त या तरमीम बन्दोबस्त में काम करता हो, और जो दस्तावेजात कि उस बन्दोबस्त की मिसल के हिस्से हों।

(ब) दस्तावेजात वो नकशेजात जो किसी ऐसे अफसर ने जारी किये हों, हासिल किये हों या तसदीक किये हों, जो सरकार की तरफ से किसी जमीन की पैमायश या तरमीम पैमायश में काम करता हो, और जो दस्तावेजात ऐसी पैमायश की मिसल में शामिल होवें.

(क) दस्तावेजात जो बमूजिब किसी कानून मजारिया वक्त के किसी दफ्तर माल में पटवारी या दीगर ओहदेदार जिन के जिम्मे कागजात पेड की तैयारी का काम हो, किसी मियाद मुकर्रर पर दाखल करने रहते हों.

(ड) सन्दे, इनाम के हक्कियतनामें, व दीगर दस्तावेज जिस से मतलब या शहादत, सरकार की तरफ से जमीन का या जमीन में किसी हक का अता या हवाला किया जाना पाया जाता हो.

पहले सारटिफिकट की रजिस्टरी खरीदार की गफलत से नहीं हो सकी, तो अदालत की कार्रवाई बाबत न देने नकल खरीदार को नाजायज समझी जावेगी (छपे फैसलेजात बम्बई सन१८८७ सफा ४७)

इस दफा के रू से ४ किस्म के सारटिफिकट वो हुक्म भेजे जाते हैं.

(१) हुक्म निसबत करजा तरकी हैसियत आराजी;

(२) हुक्म करजा कारतकारान,

(२) सारटिफिकट नीलाम हस्ब दफा ६५ आर्डर २० कायदा ६४ मजमूआ जाब्ता दीवानी सन १९०८ जो अदालत दीवानी से दिलाया गया हो.

(४) सारटिफिकट नीलाम बाबत जायदाद गैर मनकूला जो मोहकमा माल से दिया गया हो

इन सारटिफिकटों की नकल दफ्तर रजिस्टरी में भेजने का काम उस अफसर या अदालत का है जिसने वैसा सारटिफिकट या हुक्म खरीदार या कर्ज लेने वाले को दिया, न कि कर्जदार या खरीदार का-पस रजिस्टरी कराने की जिम्मेदारी अफसर या अदालत पर लाजमी है—खरीदार या कर्जदार चाहे तो वह भी रजिस्टरी मियाद मुकर्रर के अन्दर करा सक्ता है यानी चार माह के अन्दर, मगर ऐसा करना या न करना उस के अखत्यारी बात है (अहकाम इन्सपेक्टर जनरल रजिस्टरी पजाब हिस्सा ५ दफा ३१, ३२, ३३).

मुस्तसनियात एक्ट से

माफी चद दस्तावेजात जिन की तकमील सरकार की तरफ से या बहक सरकार हुई हो.

दफा ९०—(१) किसी इबारत मुन्दर्जे एक्ट हाजा या एक्ट रजिसटरी हिन्द सन १८७७ या एक्ट रजिसटरी हिन्द सन १८७१ या किसी एक्ट से, जो अजरूये एक्ट हाजा मन्सूख हुवा है, यह न समझा जायगा कि उस में यह हुक्म है, या किसी वक्त था कि नीचे लिखे हुए दस्तावेजों या

मुलाहिजे की दरखास्त करें, तैय्यार रहेंगे, और बकैद हस्ब मजकूर सदर, ऐसे दस्तावेजात की नकलें उन सब शख्सों को दी जावेंगी, जो उनके लिये दरखास्त करें

तस्दीक कवायद रजिस्टरी ब्रह्मा

दफा ९२—रजिस्ट्री के बाबत तमाम कायदे जो एक्ट रजिस्ट्री हिन्द सन १८७७ के शुरू होने के पहले लोअरब्रह्मा में जारी थे ऐसे समझे जांयगे कि वे कानून का असर रखते थे, और किसी अफसर या दीगर शख्स पर कवायद मजकूर के मुताबिक किये हुए किसी काम के निस्बत कोई नालिश या दीगर कार्रवाई दायर न हो सकेगी.

मन्सूखी

मन्सूखी

दफा ९३—(१) कानून मुन्दरजा जमीमा उस हद तक मन्सूख किये गये जो उस्के खाना न. ४ में बतलाई गई है.

(२) इस एक्ट की किसी इबारत से यह न समझा जायगा कि उस का असर किसी ऐसे कानून के अहकाम पर पड़ेगा जो ब्रिटिश इंडिया के किसी हिस्सा में जारी है और इस एक्ट की रू से साफ तौर पर मसूख नहीं हुआ है.

तशरीह—यह नई दफा बदलने दफा २ एक्ट ३ सन १८७७ के कायम की गई है

(ई) नोटिस हस्ब दफा ७४ या दफा ७६ मजमूआ एक्ट मालगुजारी बम्बई सन १८७९ ई० बाबत दस्तबरदारी कब्जा अजतरफ काबिजान के या बाबत दस्तबरदारी जमीन मुन्तकिल शुदा अजतरफ काबिजान जमीन मजकूर के.

(२) दस्तावेज वो नकशे वास्ते गरज दफात ४८ व ४९ ऐसे समझे जांयगे कि मानो उनकी रजिसटरी हस्ब मनशाय एक्ट हाजा हुई है.

तशरीह—जनाब गवर्नर जनरल बहादुर के एजन्ट ने नव्वाब बहादुर मुरशिदाबाद को एक खत लिखा जिस में सरकार की मनशा निस्बत उन की हैसियत वो आमदनी के जाहिर की गई और नव्वाब बहादुर को इस बात की इत्तला दी गई कि वे मुस्तहक पाने कब्जा कुछ जमीन सरकारी वो जेवरात के हैं—नव्वाब साहब के बेटे ने एक शख्स पर नालिश बाबत पाने कब्जा कुछ जमीन के दायर की और अदालत मातहत ने यह तजवीज की कि जमीन मुतदाविया सरकारी जमीन का हिस्सा है, जो अजरूये चिट्ठी सरकारी नव्वाब बहादुर को अता की गई थी—मुद्दायलेह की तरफ से उजर हुआ कि इस चिट्ठी की रजिसटरी लाजमी थी—तजवीज हाई कोर्ट करार पाई कि चिट्ठी बतौर अतिया सरकार तसौवर की जायेगी, इस लिये उस की रजिसटरी हस्ब मनशा दफा ९० लाजमी नहीं है (इ. ला. रि. कलकत्ता जिल्द १९ सफा ७४२)

ऐसे दस्तावेजात का मुलाहिजा वो नकलें

दफा ९१—बकैद कायदे व अदाई पेशगी ऐसी फीस की जो इस बारे में लोकल गवर्नमेंट मुकर्रर करे तमाम दस्तावेजात व नकशेजात जिन का जिक्र दफा ९० जिमन (अ), (ब), (क), व (ई) में है, वो जिमन (ड) में लिखे हुए दस्तावेजों के नकशों के कुल रजिस्टर हर शख्स के मुलाहिजे के वास्ते, कि जो उनके

जमीमा

कानूनों की मन्सूखी—देखो दफा ९३

सन	नंबर	मुख्तसरनाम	किस कदर मंसूख हुआ
१८७७	३	एक्ट रजिस्ट्री हिन्द सन १८७७	पूरा
१८७९	१२	एक्ट रजिस्ट्री वो मियाद के तरमीम करने का एक्ट सन १८७९	उस कदर हिस्सा जो मन्सूख नहीं हुआ
१८८३	१९	करजा तरकी आराजी एक्ट सन १८८३	दफा १२ का उतना हिस्सा जो मन्सूख नहीं हुआ
१८८६	७	एक्ट रजिस्टरी सन १८८६	पूरा
१८८८	७	मजमूआ जाब्ता दीवानी के तरमीम का एक्ट सन १८८८	उस कदर हिस्सा जो मन्सूख नहीं हुआ
१८९१	१२	तरमीम करने वाला एक्ट सन १८९१	जमीमा २ के दाखले बाबत एक्ट ३ सन १८७७
१८९९	१७	एक्ट रजिस्टरी हिन्द (तरमीम) सन १८९९	पूरा